आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 21.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचारः

- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – विकसित भारत जी राम जी विधेयक को किसानों, श्रमिकों और ग्रामीण विकास के लिए लाभकारी।
- भाजपा ने की ''मेरी गणना, मेरा गांव'' अभियान में लोगों से सहयोग की अपील की है।
- चंपावत के जिलाधिकारी ने मानव–वन्य जीव हिंसा रोकने के लिए वन विभाग को बाइस लाख चालीस हजार की धनराशि जारी की है।
- एसीसी पुरुष अंडर–19 एशिया क्रिकेट कप के फाइनल मैच में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से चल रहा है।

जी राम जी

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी विधेयक न केवल किसानों और श्रमिकों के लिए लाभकारी है, बल्कि गांवों के विकास से भी हर तरह से जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह बात नई दिल्ली में आयोजित चौधरी चरण सिंह पुरस्कार के समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बिल में सौ दिन नहीं, एक सौ पचीस दिन रोजगार की गारंटी का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मंत्रालय 2026–27 के बजट में कृषि क्षेत्र में सुझाव आमंत्रित कर रहा है ताकि एक सुदृढ़ प्रणाली तैयार की जा सके।

मेरी गणना, मेरा गांव

उत्तराखंड में जनगणना को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जरूरी अपील की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने राज्य के स्थायी निवासियों से आग्रह किया है कि जनगणना के दौरान वे अपने मूल गांव या घर में मौजूद रहें, ताकि जनसंख्या से जुड़े आंकड़े सही और वास्तविक रूप में दर्ज हो सकें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड के बड़ी संख्या में लोग रोज़गार और शिक्षा के कारण राज्य से बाहर या विदेशों में रह रहे हैं। ऐसे में जनगणना के दौरान सही आंकड़े दर्ज न होने से राज्य को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि ''मेरी गणना, मेरा गांव'' अभियान का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि हर स्थायी निवासी की गिनती उसके मूल गांव या घर में हो।

इससे सरकार तक सही जनसंख्या प्रोफाइल तक पहुंचेगी और विकास योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सकेगा।

आईएमए

भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के 107वें रेगुलर कोर्स के सैन्य अधिकारियों ने मातृ संस्था की रजत जयंती उत्साह के साथ आयोजित की। समारोह में कोर्स के अधिकारी परिवारजनों के साथ पहुंचे और अपने गौरवशाली शिक्षण काल की स्मृतियों को ताजा किया।

416 जेंटलमैन कैडेट्स वाला यह कोर्स 24 जून 2000 को भारतीय सेना में कमीशन हुआ था और अब राष्ट्र की सेवा के पच्चीसव गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण कर चुका है। यह आयोजन गर्व, भावनाओं और अकादमी की गौरवशाली परंपराओं के प्रति सम्मान से परिपूर्ण रहा। पिछले ढाई दशकों में 107वें रेगुलर कोर्स के

अधिकारियों ने विविध भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण सैन्य अभियानों में उत्कृष्ट नेतृत्व, उच्च पेशेवर दक्षता और संचालन कौशल का परिचय दिया है। इस कोर्स शामिल सैन्य अधिकारियों ने 47 वीरता पुरस्कार और 176 विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्राप्त किए, जो भारतीय सेना में उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित करता है। इस अवसर पर कर्तव्य की राह में अग्रसर रहते राष्ट्र सेवा में प्राणों का उत्सर्ग करने वाले 10 वीर अधिकारियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई

## बंड विकास मेला शुभारंभ

चमोली जिले में ऐतिहासिक बंड विकास मेले का शुभारंभ हो गया है। कार्यक्रम के दौरान कल महिला मंगल दलों और स्कूली छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें क्षेत्र के लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।

मेले में आसपास के करीब 40 गांवों की महिला और युवक मंगल दलों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सात दिवसीय इस मेले में बड़ी संख्या में व्यापारिक दुकानें लगी हैं, वहीं सरकारी स्टालों के माध्यम से लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ भी मिल रहा है।

इस अवसर पर विधायक लखपत बुटोला ने कहा कि ऐसे मेले क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मेले के माध्यम से स्थानीय संस्कृति की झलक मिलती है और इसका संरक्षण भी होता है।

## मानव–वन्यजीव संघर्ष

चंपावत जिले के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मानव–वन्य जीव हिंसा रोकने के लिए वन विभाग को बाइस लाख चालीस हजार की धनराशि जारी की है। जिलाधिकारी ने कहा कि मानव–वन्य जीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा सुदृढ़ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और वनवर्ती क्षेत्रों में गुलदार, भालू, बाघ समेत अन्य वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन घटनाओं को न्यून करने, वन्यजीवों को सुरक्षित पकड़ने और बचाव कार्यों को त्वरित बनाने के लिए आधुनिक संसाधनों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जारी धनराशि में हिंसक वन्य जीवों को पकड़ने के लिए नौ पिंजरे, एक ट्रेंक्यूलाइजिंग गन, ततैया रेस्क्यू सूट और वाइल्डलाइफ स्टोर किट खरीदी जाएगी।

## कार्तिक स्वामी

चमोली व रुद्रप्रयाग जिले की सीमा पर स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर में दक्षिण भारतीय श्रद्धालु की संख्या लगातार बढ़ रही है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पंवार ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जनपद चमोली व रुद्रप्रयाग पुलिस के मध्य समन्वय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सीमा क्षेत्र में कानून–व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही, पैदल ट्रैकिंग रूट की सुरक्षा और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित व प्रभावी समन्वय पर विशेष बल दिया गया। साथ ही मोहनखाल चौकी में स्थायी पुलिस पोस्ट निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई।

गौरतलब हो कि कार्तिक स्वामी मंदिर, जनपद चमोली एवं जनपद रुद्रप्रयाग की सीमा पर कनकचौरी गांव के समीप, लगभग तीन हजार पचास मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। कार्तिक स्वामी को दक्षिण भारत में भगवान मुरुगन के नाम से जाना जाता है, और यही वजह भी है कि यहां दर्शन के लिए दक्षिण भारत सहित देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक पहुंचते हैं।

शराबबंदी

उत्तरकाशी में नशे के खिलाफ एक मजबूत सामाजिक पहल सामने आई है। वाइब्रेंट विलेज झाला गांव में ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव में शराब के खिलाफ बड़ा फैसला लिया है। सिर्फ इतना ही नहीं, प्रशासन और पुलिस भी इस मुहिम को मजबूती देने में जुटी है। यहां ग्रामीणों ने गांव में बैठक कर मांगलिक, सार्वजनिक और निजी कार्यक्रमों में शराब परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। ग्राम प्रधान अभिषेक रौतेला ने बताया कि सामाजिक सुधार के तहत ग्राम सभा ने अवैध शराब की बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। इसकी निगरानी की जिम्मेदारी महिला मंगल दल को सौंपी गई है, ताकि नियमों का सख्ती से पालन हो सके।

वहीं, दूसरी ओर पुलिस प्रशासन भी नशा मुक्त समाज के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी, जनक सिंह पंवार की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में पुजारगांव, दरमाली, गंवाणा और देवली गांव की महिलाओं के साथ—साथ राजकीय इंटर कॉलेज पुजारगांव की छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

रोबोटिक सर्जरी

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में पहली बार रोबोटिक सर्जरी प्रणाली के जरिए अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत हो गई है।

यह प्रणाली उच्च स्तरीय थ्री—डी एचडी विजन से लैस है और सर्जरी के दौरान सर्जन के पूर्ण नियंत्रण रहने वाली तकनीक है। इस तकनीक से अब तक हल्द्वानी में गुर्दे, हर्निया और गर्भाशय से सम्बंधित कुल चार जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं।

निजी क्षेत्र के एक प्रमुख अस्पताल समूह के संयुक्त प्रबंध निदेशक डा. परवेज अहमद ने बताया कि कम खर्चे वाली इस सर्जरी में छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे रक्त का बहाव कम होता है, संक्रमण का खतरा घटता है और मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। इसका एर्गोनोमिक डिजाइन सर्जन की थकान को कम करता है, जिससे लम्बे और जटिल आपरेशन भी अत्यंत कुशलता और सुरक्षा के साथ किए जा सकते हैं।

सामीक्षा / सेतु आयोग

मुख्य सचिव ने कल देर शाम सेतु आयोग के कार्यों की समीक्षा की और आयोग से जुड़े विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के साथ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सेतु आयोग उत्तराखंड के विकास के लिए राज्य सरकार के थिंक टैंक के रूप में कार्य करेगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभागों को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों पर सेतु आयोग के साथ मंथन करना चाहिए, ताकि विभागों की नीति में आवश्यक सुधार पर मंथन किया जा सके।

उन्होंने आयोग से अध्ययन के माध्यम से ठोस सुझाव देने की अपेक्षा जताई।

मुख्य सचिव ने ठंडे पानी में मत्स्य पालन को राज्य की विशिष्ट पहचान बताते हुए इसे पर्वतीय क्षेत्रों की आर्थिकी से जोड़ने पर अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने वन आधारित आर्थिकी को मजबूत करने और पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा आधारित कृषि की दिशा में शोध और सुधार की बात कही।

एशिया क्रिकेट कप

एसीसी पुरुष अंडर–19 एशिया क्रिकेट कप के फाइनल मैच में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से चल रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। दुबई में खेले जा रहे हैं इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 32 ओवर में दो विकट के नुकसान पर .225 रन बना लिए हैं। वहीं, महिला क्रिकेट में, भारतीय टीम आज श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी–20 श्रृंखला का पहला मैच खेलेगी। यह मुकाबला विशाखापत्तनम में शाम 7 बजे से शुरू होगा।